देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 108 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...जियो का आकर्षण




# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 25 जुलाई 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 23.0°

37871.52

2 पॉम्पिओ ने चीन को बताया भस्मासुर

7 कप्तान विराट कोहली का दावा

## संक्षिप्त समाचार

### चीन पर फिर अनसुना कर रही सरकारः राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कोरोना वायरस, अर्थव्यवस्था और चीन को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर हमला कर रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि कोविड और अर्थव्यवस्था को लेकर मेरी चेतावनी अनसुनी करने का नतीजा है– देश में आपदा। उन्होंने सरकार से चीन को लेकर उनकी बात को अनसुनी न करने को कहा। राहुल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा, मैं कोविड–19 और अर्थव्यवस्था के बारे में सचेत करता रहा।

### कानपुर टेक्निशन मर्डर में आईपीसीएस समेत 11 सस्पेंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। कानपुर में लैब टेक्निशन संजीत यादव हत्या मामले में उठ रहे तमाम सवालों के बीच पुलिस विभाग में ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। अब इस मामले में 7 और पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। इससे पहले सीओ मनोज गुप्ता और एएसपी अपर्णा गुप्ता समेत 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया था। थाना प्रभारी रणजीत राय और चौकी इंचार्ज राजेश कुमार को भी सस्पेंड किया जा चुका है।

# जिद पर गहलोत खेमा

## राजभवन में डटे विधायक, लगने लगे टेंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान में जारी सियासी ड्रामे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का खेमा ने विधानसभा सत्र बुलाने की मांग को लेकर राजभवन में धरना शुरू कर दिया है। सीएम हाउस में टेंट बुला लिए गए हैं। फिलहाल सारे विधायक राजभवन के मैदान में बैठे हैं। सीएम अशोक गहलोत ने स्पष्ट तौर से कहा है कि जब तक राज्यपाल महोदय पत्र नहीं सौंपते हैं तब तक धरना जारी रहेगा।

राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार के समर्थक विधायकों ने शुक्रवार को राजभवन में 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे लगाये। गहलोत खेमे के ये विधायक मुख्यमंत्री गहलोत की अगुवाई में ही राज्यपाल कलराज मिश्र से मिलने और विधानसभा का सत्र बुलाने का आग्रह करने राजभवन पहुंचे थे। इन विधायकों के साथ कांग्रेस सरकार के समर्थक निर्दलीय और अन्य विधायक भी राजभवन पहुंचे। मुख्यमंत्री गहलोत पहले जब राज्यपाल से मुलाकात कर रहे थे तो बाकी विधायक मंत्री बाहर लॉन में इंतजार कर रहे थे। इस दौरान इन विधायकों ने नारेबाजी की। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने ट्वीट कर कहा, श्भाजपा द्वारा राजस्थान में लोकतंत्र की हत्या के षड़यंत्र के खिलाफ आज सुबह 11 बजे सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

**राज्यपाल का पत्र मिलने तक धरना जारी**

सीएम गहलोत ने कहा कि यहां उल्टी गंगा बह रही है। हम कह रहे हैं कि बहुमत साबित करने के लिए हम विधानसभा का सत्र बुलाना चाहते हैं। राज्यपाल संवैधानिक पद पर हैं। उन्हें बोल्ड निर्णय लेना चाहिए। सीएम गहलोत ने कहा कि यह धरना उसी पर निर्भर करेगा कि राज्यपाल महोदया क्या पत्र देते हैं।



### एचसी फैसलाः पायलट पर स्पीकर के हाथ बंधे

जयपुर। राजस्थान में जारी सियासी घमासान के बीच हाईकोर्ट ने यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। सचिन पायलट खेमे की ओर से दायर याचिका पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। इसमें कोर्ट ने राजस्थान विधानसभा स्पीकर के अयोग्यता नोटिस पर स्टे लगा दिया है। फैसले के बाद स्पीकर सचिन पायलट और 18 अन्य विधायकों के खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगे।

## तबलीगी जमात के 46 विदेशी नागरिकों पर केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत 10 अगस्त से तबलीगी जमात मरकज मामले में 46 विदेशी नागरिकों के खिलाफ मुकदमा चलाएगी। अदालत द्वारा मामले से जुड़े सभी विदेशी नागरिकों की 'प्ली बारगेनिंग' प्रक्रिया को पूरा किए जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। विदेशी नागरिकों के पैरोकार वकीलों आशिमा मंडला, फहीम खान और अहमद खान ने कहा कि 46 आरोपियों ने मामले में मुकदमे का दावा किया है। इससे पहले, मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अर्चना बेनीवाल ने 40 इंडोनेशियाई, 12 किर्गिस्तान की महिलाओं, और एक दक्षिण अफ्रीकी नागरिक को 'प्ली बारगेनिंग' प्रक्रिया के तहत 5,000 रुपये का जुर्माना भरने के बाद रिहाई की अनुमति दी। अभियुक्त और अभियोजन पक्ष के बीच प्ली बारगेन एक प्री–ट्रायल करार होता है, जहां अभियुक्त पक्ष अभियोजन पक्ष द्वारा कुछ रियायतों के बदले में दोषी होना स्वीकार कर लेता है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मामले के संबंध में 900 से अधिक विदेशी नागरिकों को नामजद किया है।

# व्यापारी वर्ग को सरकार का पूरा सहयोग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से शुक्रवार को सचिवालय में दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों ने भेंट की, उन्होंने व्यापार मण्डल की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण को रोकने में सभी का सहयोग मिल रहा है वर्तमान हालातों में कुछ कठिनाइयां हैं, जिनका सभी को सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में व्यापारी वर्ग को सरकार द्वारा पूरा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने उद्योग व्यापार मण्डल की समस्यायें सुनी तथा यथा संभव उनके निराकरण का भी आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समय आपसी सहयोग व समन्वय से वर्तमान चुनौतियों का सामना करने का है।


**मुलाकात**

सीएम से दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों ने भेंट की

## श्रीदेव सुमन देश के महान सपूत थे: मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अमर शहीद श्रीदेव सुमन का उनकी पुण्य तिथि पर भाव पूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें संघर्ष एवं बलिदान की प्रतिमूर्ति बताया है।

अमर शहीद श्रीदेव सुमन की पुण्य तिथि की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि टिहरी जन क्रांति के नायक श्रीदेव सुमन देश के महान सपूत थे। स्व.श्रीदेव सुमन ने महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा का संदेश लेकर जन जागृति की एक नई अलख जगाई थी। मुख्यमंत्री ने स्व. श्रीदेव सुमन को महान स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए कहा कि उन्होंने एक महानायक के रूप में जिस प्रकार जन क्रांति का नेतृत्व किया वह हम सबके लिये प्रेरणादायी है। उनके महान आदर्श हमें सदैव प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।



# बातचीत के बीच भी चीन की चाल जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख में जारी गतिरोध को हल करने के लिए भारत के साथ डिप्लोमेटिक और सैन्य स्तर पर बातचीत के दौरान भी चीन अपनी नापाक चाल से बाज नहीं आ रहा है। ड्रैगन ने भारत से लगी सीमा के नजदीक कम से कम 8 एयरबेस या हेलीपैड को एक्टिवेट किया है जहां से वह अपनी युद्धक गतिविधियों को जारी रख सकता है। हाल में ही शिनजियांग प्रांत में स्थित होटान एयरबेस पर तैनात चीनी फाइटर जेट और अवाक्स प्लेन की सैटेलाइट तस्वीरें सामने आई थीं।

ओपन सोर्स इंटेलिजेंस एनालिस्ट Detresfa ने एक तस्वीर जारी कर एलएसी के नजदीक चीनी एयरबेस की डिटेल्स शेयर की है। इसमें संबंधित एयरबेस पर तैनात एयरक्राफ्ट के बारे में भी जानकारी दी गई है। बता दें कि अत्याधिक ऊंचाई पर स्थित होने के कारण चीन इस इलाके में हवाई शक्ति के मामले में भारत से कमजोर है। जबकि भारतीय एयरबेस निचले क्षेत्र में हैं जहां से वे अपनी पूरी क्षमता के साथ चीन के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं।

शेनयांग जे 11 फाइटर प्लेन की रेंज 3530 किलोमीटर है। जो 2500 किमी प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से उड़ान भर सकता है। वर्तमान समय में चीन के पास इस प्लेन के 250 से ज्यादा यूनिट मौजूद हैं। यह प्लेन रूस की एसयू 27 एसके का लाइसेंस वर्जन है। यह प्लेन हवाई क्षेत्र की रक्षा और जमीन पर हमला करने के मामले में सक्षम है।

**नापाक चाल**

■भारत की सीमा के नजदीक 8 एयरफील्ड को किया एक्टिवेट



**भारतीय लड़ाकू विमान चीन के मुकाबले ज्यादा प्रभावी**

बेलफर सेंटर की इस स्टडी के अनुसार, भारतीय वायुसेना के मिराज 2000 और सुखोई एसयू 30 लड़ाकू विमान को चीन के जे–10, जे–11 और एसयू–27 लड़ाकू विमानों पर बढ़त हासिल है। चीन ने भारत से लगी सीमा पर इन्हीं विमानों को तैनात किया है। भारतीय मिराज 2000 और एसयू –30 जेट्स ऑल–वेदर, मल्टी–रोल विमान हैं जबकि चीन का जे–10 ही ऐसी योग्यता रखता है।